# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# बिना वजह घर से बाहर निकलने वालों से पुलिस ने लगवाई उठक बैठक

### लॉकडाउन के तीसरे दिन भी मिली तीन घंटे की छूट का लोगों ने उठाया लाभ

**लॉकडाउन**

**संवाददाता**

देहरादून। विश्वभर में फैले कोरोना वायरस के बचाव को लेकर किये गये उत्तराखंड लॉकडाउन के चलते बृहस्पतिवार को विभिन्न स्थानों पर सामाजिक दूरी बनाई गई। पेट्रोल पम्पों, मेडिकल स्टोरों, किराना की दुकानों, गैस सर्विस सेंटरों में सामाजिक दूरियां दिखाई दी। बृहस्पतिवार की सुबह सात बजे से सुबह 10 बजे तक की छूट के चलते लोगों का जरूरी सामान लेने के लिए लोग सड़कों पर हर रोज की भांति आए और अपना जरूरी सामान लेकर अपने घर वापस लौट गये।

वहीं आढ़त बाजार, छोटी सब्जी मंडी व हनुमान चौक में लोगों की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने पूरी तरह से बंद रखा। यहां पर किसी भी दुकान को खुलने नहीं दिया गया। वहीं सब्जियां व आटे, चावल के साथ ही फलों के दामों में बढ़ोत्तरी होने लगी। वहीं दूसरी ओर धर्मपुर सब्जी मंडी, नेहरू कॉलोनी सब्जी मंडी में लोगों की काफी भीड़ देखी गई। नौ बजे से सूचना प्रसारित करने के बाद साढ़े नौ बजे के बाद यहां मंडी को खाली करा दिया गया। प्रतिदिन की भांति आज भी दस बजे बाद सभी प्रमुख चौराहों पर बैरीकेडिंग लगा दी गई।

राजधानी व आसपास के क्षेत्रों को पूरी तरह से लॉकडाउन कर दिया। वहीं अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने वालों को पुलिस ने उठक बैठक लगवाने के बाद छोड़ा गया। राजधानी व आसपास के क्षेत्रों में सड़कें सूनी रही और बाजार पूरी तरह से बंद रहे। लोग घरों में में ही बैठकर लूडों, सांप सीढ़ी, कैरम खेलने व टीवी देखने में ही दिखाई दिये। सुबह सात बजे से लेकर सुबह दस बजे तक वाहनों व लोगों का आवागमन आवश्यक वस्तुओं को खरीदने की छूट में होता रहा। लॉकडाउन के चलते मिली छूट का लोगों ने भरपूर लाभ उठाया और खाने पीने के सामान की खरीददारी के लिए बाहर निकले। आसपास के क्षेत्रों में सड़कों पर वाहनों का आवागमन होता रहा तथा प्रमुख बाजार पूरी तरह से बंद रहे। इस दौरान आवश्यक वस्तुओं की दुकानें खुली रही और लोगों ने अपनी जरूरत का सामान भी खरीदा।

धर्मपुर सब्जी मंडी व नेहरू कालोनी सब्जी मंडी में लोगों की काफी भीड़ रही। वहां पर जमकर फल एवं सब्जियों की खरीददारी की। यहां पर पुलिस की भी व्यवस्था की गई थी। पुलिस की गाड़ियां लगातार सूचना प्रसारित करती जा रही थी कि दस बजे से पहले अपने अपने घरों में चले जायें।

इस बीच धर्मपुर स्थित सब्जी मंडी, नेहरू कालोनी सब्जी मंडी, मोहकमपुर, हर्रावाला, बालावाला, तुनवाला, नैशविला रोड, छह नंबर पुलिस, नेहरू कालोनी, अंबीवाला गुरूद्वारा, हरिद्वार रोड, प्रेमनगर, पंडितवाड़ी, राजपुर रोड, दर्शनी गेट, गढ़ी कैंट, बल्लूपुर चौक में आवश्यक वस्तुओं की दुकानें खुलते ही लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई।

**पेट्रोल पम्पों, मेडिकल स्टोरों, किराना की दुकानों, गैस सर्विस सेंटरों में दिखी सामाजिक दूरियां**

लोगों ने अपनी आवश्यकता के अनुसार सामान की खरीददारी की और 10 बजे तक सभी दुकानें व बैंक बंद हो गये। पेट्रोल पम्पों के कर्मचारियों, चिकित्सालयों के चिकित्सक व कर्मी, खाद्य वस्तुयें, नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों व सफाई कर्मचारियों मीडिया कर्मियों, एम्बुलेंस, बीएसएनएल, मेडिकल सप्लायर को लॉकडाउन से मुक्त रखा गया है। रेलवे स्टेशन, मसूरी बस अड्डे सहित राजधानी में अनेक स्थानों पर बैरीकेडिंग लगाई गई और किसी को भी प्रवेश नहीं करने दिया गया। कहीं कहीं 3 घंटे की मिली छूट में जरूरी सामान खरीदने लोग दुकान पर पहुंचे तो उन्हें कालाबाजारी का भी सामना करना पड़ा।

## न्यूज डायरी

### सड़कों और पुलों के निर्माण कार्य पर भी पड़ा लॉकडाउन का असर

देहरादून **संवाददाता**। प्रदेश में लॉकडाउन का असर सड़कों और पुलों के निर्माण कार्य पर भी पड़ा है। प्रदेशभर में सड़कों और पुलों के निर्माण कार्य आगामी 14 अप्रैल तक बंद कर दिये गये। यहां मिली जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल तक निर्माण कार्य बंद कर दिये गये हैं। ऑल वेदर रोड से लेकर नेशनल हाइवे और कुम्भ के होने वाले निर्माण कार्यों पर भी इसका असर पड़ा है। वहीं दूसरी ओर सीबीएसई ने अपने सभी कार्यालय बंद कर दिये हैं। सीबीएसई ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियो को दिये निर्देश कि बहुत जरूरी हो तो अपने घरों से निकले अन्यथा घरों में ही रहे। सीबीएसई ने लॉकडाउन से पहले 90 प्रतिशत कर्मचारियों को छुट्टी दे दी थी, अब सभी कर्मचारी ओर अधिकारियों को छुट्टी दी गयी है। वहीं मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि प्रदेश भर में आज ओले ओर बिजली गिरने की संभावना है पहाड़ी क्षेत्रों में बिजली और ओले गिरने की संभावनायें जताई जताई गई हैं। वहीं दूसरी ओर आरटीई से गरीब छात्रों को स्कूलों में दाखिले देने वाले राज्यों की सूची जारी कर दी गई है। उत्तराखंड ने टॉप 10 राज्यों की सूची में जगह बनाई है।

### कोरोना वायरस से बचाव को राज्य सरकार की अनोखी पहल

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस से बचाव के चलते राज्य सरकार ने एक अनोखी पहल शुरू करी है। बृहस्पतिवार की सुबह जरूरी सामान के लिए 3 घंटे की मिली छूट में लोगों के बीच उचित दूरी रहें उसके लिए हर दुकान के आगे एक मीटर की दूरी में तीन से चार गोले बना दिए गये है। बृहस्पतिवार की सुबह मिली छूट में कुछ लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उसे माना तो कहीं दुकानदारों के साथ लोग फिर भी लापरवाह बने रहें।

वहीं फील्ड व कार्यालय में जी जान से जुटे हुए पुलिस बल जो आम लोगों से सबसे ज्यादा संपर्क में आ रहे हैं तथा लगातार बाहर से आने वाले व्यक्तियों की भी सहायता कर रहे हैं ड्यूटी के उपरांत अपने परिवार के पास जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में लगातार खतरे की जद में रहते हैं। यहां जारी एक बयान में जनहित में बताया गया कि ऐसे में सभी पुलिसजन को कुछ सावधानी जरूर बरतने की आवश्यकता है। ड्यूटी के दौरान लोगों से बात करते समय आवश्यक दूरी बना कर रखें।






टिहरी के एसएसपी डा. योगेंद्र सिंह रावत जरूरी जानकारी देते हुए।

# घबराएं नही, घर-घर सामान पहुंचाएगी टिहरी पुलिस

**संवाददाता**

टिहरी। उत्तराखंड लॉकडाउन के दौरान रोजमर्रा की जरूरी चीजों के लिए लोगों को दिक्कत नहीं होगी। टिहरी जिले में पुलिस आपके घर तक सामान पहुंचाने की पहल करने जा रही है। इसके लिए व्यवसायियों का चिन्हीकरण शुरू कर दिया गया है।

कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए उत्तराखंड लॉकडाउन किया गया है। इसके चलते सिर्फ आवश्यक सेवाएं ही संचालित की जा रही है। राशन, फल-सब्जी की दुकानें भी सुबह सात बजे से दस बजे तक ही खोली जाती हैं। लॉकडाउन के दौरान आम लोगों को ज्यादा परेशानियां न हो इसके लिए पुलिस मदद को आगे आई है। एसएसपी डा. योगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान पुलिस जरूरी सामानों की होम डिलीवरी करने पर विचार कर रही है। उन्होंने बताया कि सब्जियां, दवाइयां और राशन को पुलिस की मदद से घर-घर पहुंचाया जाएगा।

**■व्यवसायियों का चिन्हीकरण कर दिया गया है शुरू**

इसके लिए स्थानीय व्यापारियों को चिह्नित किया जा रहा है। पूरे जिले में शहरों और देहात में यह व्यवस्था की जाएगी। मालवाहक वाहनों को कहीं पर भी नहीं रोका जाएगा। उनके लिए गाइडलाइन जारी की गई है, जिसमें बड़े वाहनों में दो लोग और छोटे वाहन में एक ही व्यक्ति होना चाहिए। रात को दो बजे से चार बजे तक मालवाहक वाहनों से बाजारों में माल उतारने की अनुमति दी गई है।

एसएसपी डॉ. रावत ने ये भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में दूर-दूर दुकानें होती हैं ऐसे में वहां पर भी नजदीकी थाना और चौकी की मदद से आवश्यक सामग्रियों का वितरण करवाया जाएगा।

पुलिस विचार कर रही है कि सप्ताह में दो दिन मोबाइल रिचार्ज की दुकानों को भी कुछ देर के लिए खोला जाए, जिससे लोग संचार सेवा का लाभ भी ले सकें।